# आत्मानंद सरस्वती जन्म शताब्दी महोत्सव आज, मंदिर जगमगाया


जालोर शहर में स्वामी आत्मानंद महाराज के जन्म शताब्दी महोत्सव को लेकर तैयारियों का जायजा ट्रस्ट महामंत्री और समाजबंधुओं ने लिया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर स्थित स्वामी आत्मानंद सरस्वती गुरु मंदिर में शनिवार को होने वाले शिक्षा सारथी स्वामी आत्मानंद सरस्वती महाराज के जन्म शताब्दी महोत्सव लेकर शुक्रवार को राजपुरोहित समाज की नारी शक्ति ने मंदिर में दीप प्रज्ज्वलित किए।

दीपकों की रोशनी में मंदिर जगमगा उठा। दंडी स्वामी देवानंद सरस्वती महाराज व दयानंद ब्रह्मचारी महाराज के सानिध्य में ट्रस्ट पदाधिकारियों व समाजबंधुओं बैठक में जन्म शताब्दी महोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। ट्रस्ट के महामंत्री नैनसिंह सांकरणा ने बताया कि स्वामी आत्मानंद सरस्वती महाराज के जन्म शताब्दी महोत्सव पर होने वाली शोभायात्रा, भजन संध्या व अन्य आयोजनों को लेकर कार्यकर्ताओं की अलग-अलग टीम बनाकर उन्हें जिम्मेदारी सौंपी गई।

उन्होंने बताया कि महोत्सव को लेकर शनिवार को सवेरे से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। बैठक में तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। आकर्षक रोशनी से सजाया मंदिरस्वामी आत्मानंद सरस्वती महाराज के जन्म शताब्दी महोत्सव को लेकर गुरु मंदिर को आकर्षक रोशनी से सजाया गया है।

मंदिर परिसर में भी सजावट की गई है। शहर में प्रमुख स्थानों पर बैनर लगाने के साथ ही सभी प्रमुख चौराहों पर होर्डिंग्स लगाए गए है।

दोपहर बाद निकलेगी शोभायात्रा स्वामी आत्मानंद सरस्वती गुरु मंदिर जालोर में दंडी स्वामी देवानंद सरस्वती महाराज व दयानंद ब्रह्मचारी महाराज के सान्निध्य में शनिवार को दोपहर बाद तीन बजे गुरु मंदिर से दंडी स्वामी देवानंद सरस्वती महाराज व दयानंद ब्रह्मचारी महाराज के सान्निध्य में शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो गुरु मंदिर से रवाना होकर कॉलेज तिराहा, राजेन्द्र नगर स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर राजपुरोहित छात्रावास से होते हुए अस्पताल चौराहा, हरिदेव जोशी सर्कल, वन वे रोड, कलक्ट्रेट रोड़, आहोर चौराहा, स्टेडियम व कॉलेज तिराहे होते हुए पुनः गुरु मंदिर पहुंचकर सम्पन्न होगी। वहीं रात्रि में भजन संध्या में भजन गायक श्याम पालीवाल भजनों की प्रस्तुति देंगे।

## किसानों ने धरना व ज्ञापन दिया

**धोरीमना**, (निसं)। धोरीमना क्षेत्र के किसानों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर शुक्रवार को भारतीय किसान संघ के बैनर तले एकदिवसीय किसानों ने धरना प्रदर्शन किया। उपखंड अधिकारी धीरेंद्र सिंह सोनी को कलेक्टर के नाम का ज्ञापन सौंपा।

भारतीय किसान संघ धोरीमना के अध्यक्ष ठाकराराम हुड्डा ने बताया कि क्षेत्र में जंगली सूअरों, के आंतक से किसानो के खेत में खडी फसल को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। जिसके कारण किसान सुअरो से परेशान है तथा सुअरो का झुंड एक साथ रात्रि में किसानो के खेत खड़े होने पर हमला कर देते है। किसानो के बाडे के अंदर बन्धे हुए पालतू पशु धन को नुकसान पहुंचा देते है। खेताराम सियाग भारतीय किसान संघ तहसील अध्यक्ष गुडामालानी ने बताया कि एक वर्ष का आदान अनुदान रबी व खरीफ फसल का किसानों का बकाया है। क्योंकि उक्त वर्ष में फैसले खराब हो जाने के बाद गिरदावरी पूर्ण रूप से तैयार करके जमा करवा दी गई। लेकिन आज दिन तक किसानों को आदान अनुदान की राशि का भुगतान नहीं हो पाया किसानों के कृषि बीमा क्लेम का भुगतान किया जा चुका है। जिसमें कई किसान बीमा क्लेम से वंचित है। उन किसानों को बीमा क्लेम का भुगतान अति शीघ्र करवाने की मांग की। खेताराम जाजडा ने बताया कि किसानों जुड़ी हुई समस्याओं को लेकर बार-बार प्रशासन के पास चक्कर काटना पड रहा है। भारतीय किसान संघ जिला प्रमुख हेमलता चौधरी ने बताया कि आज का युग शिक्षा का है। बहन बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा दें।

# उखरड़ा में समन्दर हिलोरने की रस्म निभाई


जालोर जिले के उखरड़ा ग्राम में समंदर हिलोरने की रस्म में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिले के आहोर उपखंड क्षेत्र के उखरड़ा गांव में शुक्रवार को समंदर हिलोरने की रस्म निभाई गई। कार्यक्रम का आगाज भरत कंवर ने पुजा अर्चना करके किया।

इस दौरान बड़ी संख्या में गांव के लोगो ने उत्साह के साथ भाग लिया। गांव से ढोल नगाडों व गाजे बाजे के साथ सरोवर किनारे पहुँचे जहाँ पंडित की मौजूदगी में मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से भरत कंवर ने पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का आगाज किया गया।

उखरडा ग्राम के सरोवर के चारो ओर परिक्रमा लगाई गई। महिलाएं गीत गा रही थी। विधि विधान की रस्म अदायगी माधोसिंह परिवार की ओर से की गई। जिसके बाद भाइयों ने अपनी बहनों को चुनडी ओढाई व सरोवर का पानी पिलाया।

समन्दर हिलोरने की परंपरा बहुत पुरानी है गांवो में इस दिन प्रत्येक घर में मेहमान होते हैं। महिलाएं सज धज कर तैयार होती है मंगल गीत गाती हैं। सभी महिलाएं सिर पर मटका उठाकर गांव के सरोवर तक पहुंचती है।

समंदर हिलोरने की रस्म के तहत भाई और बहन मटकी को हिलोरते है उसमें फिर पूरी तरह से पानी भर जाता है तो भाई बहन को उस मटकी से पानी पिलाता है और बहन भाई के लंबी उम्र की कामना करती है।

इस दौरान माधो सिंह उखरडा, मदन सिंह, अमर सिंह, सूजा राम देवासी, भगा राम प्रजापत, रमेश कुमार हिरागर समेत हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।

# मरीजों को फल वितरित किए


जालोर में भाजपा एस.टी. मोर्चा के जिला मंत्री ने राज्यसभा सदस्य चुन्नीलाल गरासिया के जन्म दिवस पर चिकित्सालय में मरीजों को फल वितरित किए। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। राज्यसभा सदस्य एवं एस.टी. मोर्चा के राष्टीय उपाध्यक्ष, भाजपा राजस्थान के प्रदेश उपाध्यक्ष चुन्नीलाल गरासिया के जन्मदिन के अवसर पर एस. टी. मोर्चा जालोर के जिला महामंत्री मनोहर राणा के नेतृत्व में जालोर सरकारी मातृ एवं शिशु चिकित्सालय में फल वितरण किए एवं मरिजों को कुशलशेम पूछी।

एसटी मोर्चा जिला महामंत्री मनोहर राणा ,ओलंपिक संघ के महासचिव लालसिंह साँखला,क्रीडा भारती के जलिमंत्री भागीरथ गर्ग, मदन, ईश्वर अनील ,ललीत ,जितेंद्र कुमार सहित कई जने उपस्थित थे।

## के.के. विश्नोई ने रिफाइनरी का निरीक्षण किया

**बालोतरा**, (निसं)। उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री के. के. विश्नोई गुरुवार को जिले के दौरे पर रहे।

अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान उन्होंने राजस्थान रिफाइनरी का निरीक्षण कर जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ प्रगति की समीक्षा की। बैठक में सिवाना विधायक हमीर सिंह भायल, पचपदरा विधायक डॉ. अरुण चौधरी, जिला कलक्टर सुशील कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक कुंदन कवरिया समेत जिला स्तरीय अधिकारी एवं रिफाइनरी के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री श्री के. के. विश्नोई ने कहा की स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए उनकी कार्यकुशलता को बढाने के लिए प्रशिक्षण प्रदान करें। उन्होंने कहा राज्य सरकार युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। रिफाइनरी से निकलने वाले उत्पादों से नए उद्योगों के विकास से जिले में रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे। साथ ही प्रदेश की प्रगति के नए आयाम स्थापित होंगे। उन्होंने अधिकारियों को प्रदेश के विकास के लिए आगामी 20 वर्षो में विकास को दृष्टिगत रखते हुए रिफाइनरी से निकलने वाले उत्पादों से भविष्य में संभावित उद्योग, रोजगार एवं विकास के अवसर की कार्ययोजना बनाने को कहा। ताकि संभावनाओं को अवसर में बदला जा सके। रिफाइनरी अधिकारियों के द्वारा वीडियो और पीपीटी के माध्यम से रिफाइनरी की प्रगति से अवगत करवाया गया। उन्होंने बताया कि 72937 करोड से बनाने वाली राजस्थान रिफाइनरी मार्च 2025 तक प्रारंभ होना प्रस्तावित है। रिफाइनरी की 13 यूनिट में से 9 यूनिट का कार्य 90 प्रतिशत से अधिक हो गया है।

# लाभार्थी रोहित गर्ग को मिली 2.50 लाख की मार्जिन मनी



जालोर में डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजस्थान दलित आदिवासी, उद्यम प्रोत्साहन योजनान्तर्गत स्वयं का वाणिज्यिक वाहन खरीदने के लिए रोहित गर्ग को 9 लाख रूपये का ऋण प्रदान किया गया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजस्थान दलित आदिवासी, उद्यम प्रोत्साहन योजनान्तर्गत स्वयं का वाणिज्यिक वाहन खरीदने के लिए रोहित गर्ग को 9 लाख रूपये का ऋण प्रदान किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र में डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजस्थान दलित आदिवासी, उद्यम प्रोत्साहन योजना के तहत रोहित गर्ग द्वारा टैक्सी वाहन कार क्रय के लिए आवेदन किया गया था।

आवेदन पर कार्यवाही करते हुए सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा 9 लाख रूपये का ऋण रोहित गर्ग को प्रदान किया गया।

जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक संग्राम राम देवासी ने लाभार्थी रोहित गर्ग को योजना के तहत 2.50 लाख रूपये की मार्जिन मनी व टैक्सी परमिट दिया।

इस अवसर पर योजना के सदस्य सचिव अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी कपूराराम, लेखाधिकारी प्रथम वेलाराम, योजना के नोडल वरिष्ठ सहायक अशोक कुमार माली व जवानाराम उपस्थित रहे।

## बांडी की रपट पर कार व बाइक सवार बहा, लोगों ने सुरक्षित निकाला

**पाली**, (नि.सं.)। गत रात तेज बारिश होने के कारण पाली की बाड़ी नदी शुक्रवार को फिर से बहने लगी। पुलिस प्रशासन द्वारा नदी के दोनों और बेरिकेट नहीं लगाने के कारण नदी की रपट पर बहता पानी में से बाइक सवार, कार चालक भारी वाहन गुजर रहे थे।

दोपहर में अचानक एक बाइक सवार बाइक समेत नदी में गिर गया, जिसे लोगों की सहायता से बाहर निकाला। उसके बाद एक कार भी बह गई, जिसमें से चालक को निकाला और जेसीबी लाकर उसकी सहायता से कार को बाहर निकाला।

कोतवाली थाने के एएसआई भ लाराम बिश्नोई ने बताया कि शुक्रवार दोपहर को मेडिकल कॉलेज से चिकित्सा खेमलता टीलवानी अपने कार लेकर बापू नगर जा रही थी।

उसने नदी की रपट में कार डाली। रपट पर खडे होने के कारण कार असंतुलित होकर नदी में गिर गई। वहां मौजूद लोगों ने चिकित्सक को कार में से बाहर निकाल दिया, और जेसीबी मंगवा कर उसकी सहायता से कार को भी बाहर निकाला।

नदी के मैन पुलिया पर ट्रैफिक का दबाव ज्यादा होने के कारण वहां पर भी एक कार चालक को अचानक चक्कर आ गया और पुल के बीच में कार रोक दी। जिससे ट्रैफिक जाम हो गया। उसे भी अस्पताल पहुंचाया और कार को साइड में किया।

## तीन बच्चों की मां ने जान दी

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जैसलमेर शहर की वाल्मीकि कॉलोनी में एक महिला ने पंखे के हुक से चुनरी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला को पंखे से लटकते देख घरवालों ने पुलिस थाने को जानकारी देकर मौके पर बुलाया। शहर कोतवाली पुलिस ने मृतका शमा बानू (27) के शव को जवाहिर हॉस्पिटल की मॉर्च्यूरी में रखवाया। मृतका के प्रयागराज, उत्तर प्रदेश निवासी परिजनों को सूचना दी।

## सायला से चारभुजा धाम के लिए पैदल जत्था रवाना

**सायला**, (निसं)। सायला समेत आसपास के गांवो से शु वार को दर्जनों श्रद्धालुओं का पैदल जत्था चारभुजा धाम (राजसमंद) दर्शनार्थ रवाना हुआ। द्वारकादास वैष्णव बावतरा ने बताया कि हर वर्ष की भांति वैष्णव समाजबंधुओं का पैदल जत्था समाज भवन से रवाना हुआ। करीब 50 श्रद्धालु शामिल है। पिछले 12 साल से लगातार चारभुजा धाम दर्शनार्थ जाता है। लालदास धानसा, पुखराज सायला, कृष्णदास बावतरा, दिनेश दास, विनोददास उन्नडी, निर्मल दास रेवतडा, जीतूदास आलासन, जीतूदास बावतरा, हितेश दास, राधेश्याम ऐलाना, बालूदास सिवाना, रमेशदास बावतरा, सुरेश बैरठ, श्यामभाई सायला, भरतदास, राकेशदास गुडा आदि मौजूद थे।

# 'रावल मल्लीनाथ व राणी रूपादे के जीवन चरित्र की पालना जरूरी है'


उद्योग राज्य मंत्री के.के. विश्नोई ने श्री रावल मल्लीनाथ, श्री राणी रूपादे संस्थान तिलवाड़ा की ओर से भाद्रपद बीज मेले के मुख्य कार्यक्रम को सम्बोधित किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**बालोतरा** , (निसं)। श्री रावल मल्लीनाथ व श्री राणी रूपादे के जीवन चरित्र की पालना आज के युग में अति आवश्यक है। ये बात उद्येग राज्य मंत्री के.के. विश्नोई ने श्री रावल मल्लीनाथ श्री राणी रूपादे संस्थान तिलवाडा की ओर से भाद्रपद बीज मेले के मुख्य कार्यक्रम में कही।

उन्होंने कहा कि इसकी सार्थकता तभी होती है जब मनुष्य मन, वचन, बुद्धि और कर्म से शुद्ध और पवित्र बन कर सेवा कार्य करता है। मंत्री विश्नोई ने कहा कि में स्वयं माता रूपादे जी का भक्त हूँ। समय-समय पर क्षेत्र के इतिहास से भी रूबरू होते हुए उसका अध्ययन किया है। उन्होंने कहा कि धर्म कठिन है, लेकिन सत्य पर चलने से वह सरल भी है। जिसकी राह संत शिरोमणि श्री राणी रूपादे जी द्वारा बताए मार्गो पर चलने से ही संभव है। श्री राणी रूपादे जी ने संसार की हर जड-चेतन वस्तु में भक्ति दिखाकर उसे भक्तिमयी बना दिया था।

श्री रावल मल्लीनाथ श्री राणी रूपादे संस्थान अध्यक्ष रावल किशन सिंह जसोल ने कहा कि श्री रावल मल्लीनाथ जी व श्री राणी रूपादे जी ने जो आदर्श स्थापित किए और उनके बताए हुए मार्ग व पदचिह्नों पर चलने से प्रत्येक व्यक्ति का कल्याण संभव है। उन्होंने कहा कि महेचा राठौडो का इतिहास पर लिखी पुस्तक इतिहास के खजाने की अमूल्य कडी है। सच्चे इतिहास को जानने का परिश्रम डॉ. हुकुमसिंह भाटी ने लिखा है। जिससे आने वाली पीढी को अपने इतिहास की जानकारी मिल सकती हैं। आज इतिहास की कडियों को संझौने का समय है। आज के बदलते परिवेश में हम सब कुछ भूल रहे है। साथ ही कहा कि श्री राणी रूपादे जी ने जो सामाजिक समरसता का पथ दिखाया है। यहां कोई भी जाति-पांति का आकर दर्शन करता है। साथ ही भोजन भी सबके साथ बैठ कर ग्रहण करता हैं।

उन्होंने कहा कि इस मंदिर में समस्त महेचा परिवार के प्रत्येक घर से ईंट लगी है। जो उनके श्रद्धा व विश्वास का केंद्र है। श्री रावल मल्लीनाथ जी और श्री राणी रूपादे जी जिस कुल ओर क्षेत्र में पैदा हुए है व अपने आप में गर्व करने योग्य है। श्री राणी रूपादे जी का जीवन चरित्र प्राणीमात्र के लिए प्रेरणादायक और कल्याणकारी है।

## माजीसा के नाम रात्रि जागरण 16 को

**बालोतरा**, (निसं)। पश्चिमी राजस्थान के सबसे बडा रात्रि जागरण एक शाम माजीसा के नाम का आयोजन 16 सितम्बर को होगा।

आयोजक श्री माजीसा मित्र मंडल सेवा संस्थान के अध्यक्ष रमेश भन्साली ने बताया कि रात्रि जागरण में राष्ट वादी भजन गायक प्रकाश माली, आशा वैष्णव, ओमप्रकाश प्रजापत जसोल, मधुबाला राव करेंगे।

जागरण का संचालन एंकर संतोष सिंह धांधल करेंगे। रात्रि जागरण गौतम चंद, मोहनकुमार, आदित्य कुमार जीरावला खुबोणी परिवार द्वारा प्रायोजित होगा। जागरण कार्यक्रम को लेकर माजीसा मित्र मंडल के घनश्याम भाटी, माणक गहलोत, तिलोकचंद प्रजापत, किशोर सालेचा, मनोहर जोगसन,महेंद्र छाजेड अशोक बारासा, विक्रम सिंह राठौड, दिनेश सैन, मदन जोगसन, अनिल संकलेचा, मुदित बागरेचा, खेतपाल तीरगर आदि तैयारी में लगे हुए है।

## एम.डी. ड्रग सहित दो जने पकड़े

**पोकरण**, (निसं)। जिला पुलिस की नशे के सौदागरों के खिलाफ जिला विशेष टीम की सूचना पर पुलिस थाना पोकरण द्वारा अवैध मादक पदार्थ 41 ग्राम एमडी जब्त कर दो मुल्जिमान को गिरफ्तार कर परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाईकिल को भी जब्त किया।

अवैध मादक पदार्थ तस्करी को रोकने एवं नशे के सौदागरों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला पुलिस अधीक्षक जैसलमेर सुधीर चौधरी के आदेशानुसार, गोपालसिंह भाटी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पोकरण के निर्देषन में भवानीसिंह वृताधिकारी वृत पोकरण के सुपरविजन में समस्त थानाधिकारियों व प्रभारी डीएसटी भारमल उनि को अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों एवं नशे के सौदागरों के विरूद्ध अधिक से अधिक कार्यवाही करने के निर्देशों की पालना में गुरुवार की रात्री में पुलिस चैकी लवां के पास जोधपुर रोड पर राजूराम उनि थानाधिकारी पुलिस थाना पोकरण मय जाब्ता द्वारा दौराने चैकिंग एक बिना नम्बर पल्सर मोटरसाईकिल को चैक कर मुल्जिम नवाब पुत्र नसरुदीन जाति मुसलमान उम्र 24 वर्ष निवासी डेरियों की ढाणी जालोडा पुलिस थाना लोहावट जिला फलौदी व इन्द्राराम पुत्र बालकिशन जाति मेघवाल उम्र 26 वर्ष निवासी मेघवालों की ढाणी जालो?ा पुलिस थाना लोहावट जिला फलौदी के कब्जा से अवैध मादक पदार्थ 41 ग्राम एमडी तथा मादक पदार्थ परिवहन में प्रयुक्त बिना नम्बरी मोटरसाईकिल जब्त कर मुल्जिमान को बाद पूछताछ गिरफ्तार कर पुलिस थाना पोकरण में प्रकरण दर्ज किया गया। मुल्जिमान से विस्तृत पूछताछ व प्रकरण में अनुसंधान जारी है।

# राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारियों ने अपनी मांग बताई


राजस्थान राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी संघ जालोर तहसीलदार पद पर पदोन्नति के लिए आरक्षित कोटा यथावत रखने की मांग को लेकर ज्ञापन देने कलैक्ट्रेट पहुंचा। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी संघ जालोर ने शुक्रवार को मंत्रालयिक संवर्ग का तहसीलदार पद पर पदोन्नति के लिए आरक्षित कोटा यथावत रखने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम जालोर अतिरिक्त जिला कलैक्टर शिवचरण मीणा को ज्ञापन सौपा।

ज्ञापन में बताया कि गत सरकार द्वारा गठित कमेटी की 9 सितम्बर को आयेजित बैठक में राजस्व विभाग, भू-प्रबन्ध विभाग एवं उपनिवेषन विभाग के मंत्रालयिक सवंर्ग के कर्मचारियों के तहसीलदार पद पर पदोन्नति के लिए आरक्षित कोटे को यथावत रखा जावें यदि राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारियों के तहसीलदार पदौन्नति में आरक्षित पदों को कम किये जाने अथवा छेड़छाड़ किये जाने का प्रयास किया जाता है तो राजस्थान राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी संघ घोर विरोध करता है। राजस्थान तहसीलदार सेवा नियम, 1956 के अन्तर्गत तहसीलदार का पद 100 प्रतिषत पदोन्नति से भरा जाने वाला पद है। राजस्थान तहसीलदार सेवा नियम, 1956 के नियम 29 एवं अनुसूची-1 के अन्तर्गत तहसीलदार के पद को नायब तहसीलदार, सदर कानूनगो/सदर मुंषरिम एवं अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी की पदोन्नति से भरा जाता है।

ज्ञापन में बताया कि वर्ष 2023 में राज्य सरकार द्वारा मंत्रालयिक कर्मचारियों के पदोन्नति के अवसर कम होने, वेतन विसंगति एवं पदानुरूप कार्य आवंटन नहीं होने के कारण प्रदेशभर में आंदोलन एवं महापडाव किया गया था। तत्कालीन मुख्यमंत्री ने 11 मई .2023 को संघ को यह आष्वासन दिया गया कि मंत्रालयिक कमचारियों के तहसीलदार पद पर पदोन्नति के कोटे में कोई छेडछाड़ नहीं की जावेगी। तत्पष्चात मुख्यमंत्रा के निर्देष पर 12 जून 2023 को प्रमुख शासन सचिव, कार्मिक विभाग, राजस्थान सरकार एवं मंत्रालयिक संगठनों के मध्य लिखित समझौता किया गया था।

जानकारी के अनुसार ज्ञापन में बताया कि राजस्व विभाग, राजस्थान सरकार के द्वारा मंत्रालयिक संवर्ग के तहसीलदार पद पर पदोन्नति हेतु आरक्षित कोटे को समाप्त/पुनर्निर्धारण किये जाने के उद्‌देष्य से गत राज्य सरकार द्वारा गठित समिति की बैठक 9 सितम्बर को हो रही है जिसके विरोध में समस्त जिला कलैक्टर राजस्व मण्डल कार्यालय सहित समस्त जिला कलैक्टर कार्यालय उपखण्ड तहसील उप तहसील एवं उपनिवेषन विभाग व भू प्रबंध विभाग, जिला कोषालय, जिला रसद, निर्वाचन विभाग सहित राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी 6 सितम्बर को आधे दिवस का सांकेतिक कार्य बहिष्कार किया गया।